# शासकीय महाविद्यालय खेरथा, जिला– बालोद (छ. ग.)

## त्रैमासिक न्यूजलेटर

## जनवरी से मार्च 2026

## ग्रंथालय विभाग

Volume 01 | Issue 03

प्रकाशन तिथिः 30.03.2026










मार्गदर्शकः– डॉ. यासर कुरैशी
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

संपादन एवं संयोजनः– श्री रणजीत कुमार
अतिथि ग्रंथपाल, ग्रंथालय विभाग
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

निर्देशनः– श्री प्रदीप कुमार
सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र, ग्रंथालय प्रभारी
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

Visit us at:-

Websites:- https://www.govtcollegekhertha.in

Instagram:- https://www.instagram.com/govtcollegekhertha491771?utm_source=qr

## प्राचार्य संदेशः–

प्रिय विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों,

हमें अत्यंत प्रसन्नता है कि शासकीय महाविद्यालय खेरथा का न्यूजलेटर – Volume 01, Issue 03 आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। यह अंक महाविद्यालय में संचालित शैक्षणिक, सांस्कृतिक तथा विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का समग्र प्रतिबिंब है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सकारात्मक वातावरण एवं आत्म–विकास के अवसर प्रदान करना है, जिससे वे अपने भविष्य को सुदृढ़ रूप से आकार दे सकें।

इस अंक में महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, विद्यार्थियों की उपलब्धियों, फैकल्टी के प्रयासों तथा विभिन्न विभागीय गतिविधियों को समाहित किया गया है। ये सभी पहलें हमारे संस्थान की प्रगतिशील सोच एवं सतत विकास की दिशा में उठाए गए कदमों को दर्शाती हैं। मैं संपादकीय टीम, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देता हूँ, जिनके सहयोग एवं समर्पण से यह न्यूजलेटर सफलतापूर्वक तैयार हो सका है। आशा है कि यह अंक आप सभी को प्रेरित करेगा और भविष्य में भी रचनात्मक कार्यों के प्रति उत्साह बढ़ाएगा।

आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ।

धन्यवाद



डॉ यासर कुरैशी
प्राचार्य
शासकीय महाविद्यालय खेरथा

## कॉलेज संदेशः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के ग्रामीण और शहरी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की सहज, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण सुविधा प्रदान करना है। स्थापना से ही महाविद्यालय सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक और सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। समय के साथ महाविद्यालय ने पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ, खेल सुविधाएँ और डिजिटल शिक्षण संसाधनों का विस्तार किया है। NDLI Club के माध्यम से विद्यार्थियों को ई–पुस्तकें, शोध–पत्र, वीडियो लेक्चर और अन्य डिजिटल अध्ययन सामग्री का लाभ मिलता है, जिससे उनका ज्ञान और सीखने की क्षमता बढ़ती है। महाविद्यालय में 'श्री अन्न (मिलेट्स)' के महत्व पर भी विशेष ध्यान देना के लिए मिलेट्स स्वास्थ्यवर्धक, पोषक और पर्यावरण के अनुकूल अनाज हैं। इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए समय–समय पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिससे विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली के प्रति समझ विकसित होती है। आज यह महाविद्यालय शिक्षा, नवाचार, तकनीक और स्वस्थ जीवन शैली के समन्वय का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। यहाँ विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा बल्कि आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी के अवसर भी मिलते हैं। यह संस्थान क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है।




## न्यूजलेटर संदेशः–

प्रिय पाठकगण,

हमें खुशी है कि आप न्यूजलेटर के तीसरे अंक ( जनवरी से मार्च 2026) के साथ हमारे साथ हैं। इस अंक में हमने खेलकूद, शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की झलक प्रस्तुत की है। हमारा उद्देश्य पाठकों को नवीनतम घटनाओं और प्रेरक गतिविधियों से अवगत कराना है।

हम आशा करते हैं कि यह अंक आपके लिए जानकारीपूर्ण और प्रेरणादायक साबित होगा।



श्री प्रदीप कुमार (सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र)
ग्रंथालय प्रभारी



श्री रणजीत कुमार
संपादक एवं अतिथि ग्रंथपाल

जनवरी 2026

## सेक्टर स्तरीय खो–खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सहभागिताः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा के विद्यार्थियों ने दिनांक 16 जनवरी 2026 को आयोजित सेक्टर स्तरीय खो–खो (बालक वर्ग) तथा दिनांक 19 जनवरी 2026 को बालिका वर्ग की प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोनों टीमों ने खेल के प्रति समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे जोश के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। बालक एवं बालिका दोनों टीमों ने मिलकर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। विशेष रूप से बालिका टीम का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसने आत्मविश्वास और दृढ़ता का परिचय दिया। इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। महाविद्यालय प्रशासन ने सभी खिलाड़ियों के प्रयासों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





## 26 जनवरी का रिपोर्टः–

दिनांक 26 जनवरी 2026 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में 77वाँ गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे प्राचार्य महोदय द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। राष्ट्रगान के पश्चात विद्यार्थियों और अधिकारी/कर्मचारी ने संविधान की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एन.एस.एस. के छात्र–छात्राओं ने अनुशासन और देशसेवा की भावना का प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी ने अपने संबोधन में संविधान के महत्व और नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। इस प्रकार शासकीय महाविद्यालय खेरथा में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



## गौ विज्ञान परीक्षा का रिपोर्ट :–

दिनांक 19 जनवरी 2026 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में महाविद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को गाय के वैज्ञानिक, कृषि, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी देना था। परीक्षा में गाय की नस्लों, गाय के दूध के पोषण गुणों, गोबर और गोमूत्र के उपयोग तथा पंचगव्य के महत्व से संबंधित प्रश्न पूछे गए। विद्यार्थियों ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया और अपने ज्ञान का परिचय दिया। परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के शिक्षकों एवं आयोजकों द्वारा उस छात्र को प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को गौ विज्ञान से जुड़ी जानकारी को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस प्रकार यह परीक्षा विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक सिद्ध हुई।




फरवरी 2026

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का रिपोर्टः–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में दिनांक 27 फरवरी 2025 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक रोचक एवं ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करना तथा उनके बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करना था। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। क्विज के अंतर्गत भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान एवं सामान्य विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास और उत्साह के साथ प्रश्नों के उत्तर दिए, जिससे प्रतियोगिता का वातावरण अत्यंत रोचक और प्रतिस्पर्धात्मक बन गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में सीखने की जिज्ञासा और टीम भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। विजेता प्रतिभागियों को अंत में पुरस्कार कर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय प्रशासन ने इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान, तर्कशक्ति एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक होते हैं। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक सिद्ध हुआ।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का रिपोर्ट :–

शासकीय महाविद्यालय खेरथा में दिनांक 28 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। यह दिन महान वैज्ञानिक C. V. Raman द्वारा खोजे गए Raman Effect की स्मृति में समर्पित है। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना और विज्ञान के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। महाविद्यालय परिसर में विज्ञान से संबंधित प्रदर्शनी और शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मॉडल में पर्यावरण संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा और आधुनिक तकनीक से जुड़े विषय प्रमुख रहे। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तर्कशीलता और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस शिक्षा और समाज में विज्ञान की भूमिका को समझने का महत्वपूर्ण माध्यम है।



मार्च 2026

## श्री अन्न मिलेट फूड फेस्टिवेल के अंतर्गत कार्यक्रमः–

दिनांक 09–03–2026 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में श्री अन्न (मिलेट) के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज, निबंध लेखन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने मिलेट्स के महत्व, पोषण मूल्य एवं उनके उपयोग से संबंधित प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी जानकारी का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "श्री अन्न का महत्व" विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए इसके स्वास्थ्य लाभ एवं पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला। रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता का परिचय देते हुए मिलेट्स के महत्व को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। सुंदर रंगोलियों और प्रभावशाली पोस्टरों के माध्यम से "स्वस्थ जीवन के लिए श्री अन्न अपनाएं" का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में मिलेट्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उनके उपयोग को प्रोत्साहित करना था। विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।



## श्री अन्न मिलेट फूड फेस्टिवेल कार्यक्रम का रिपोर्टः–

दिनांक 10–03–2026 को शासकीय महाविद्यालय खेरथा में प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन से श्री अन्न (मिलेट्स) फूड फेस्टिवेल का कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें विभिन्न स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में मिलेट्स से बने विभिन्न व्यंजन, पोषण संबंधी जानकारी तथा उनके उपयोग को दर्शाने हेतु अलग–अलग स्टॉल स्थापित किए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आगंतुकों को श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभ, पोषण मूल्य एवं दैनिक जीवन में इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और स्टॉलों के माध्यम से अपने ज्ञान एवं रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। मिलेट्स से बने व्यंजनों का प्रदर्शन एवं स्वाद भी उपस्थित लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य श्री अन्न (मिलेट्स) के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा लोगों को इसे अपने आहार में शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने इसकी सराहना की।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का रिपोर्ट :–

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दिनांक 13 मार्च 2026 को शासकीय महाविद्यालय, खेरथा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के अधिकारों, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ हुआ। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत फन गेम्स एवं टैलेंट शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविता पाठ एवं अभिनय प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विभिन्न रोचक खेलों ने कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बना दिया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।



## पुरस्कार वितरण समारोह(Annual Sports Day 2025–26):-

शासकीय महाविद्यालय खेरथा के खेलकूद विभाग द्वारा वार्षिक खेल दिवस दिनांक 22.12.2025 से 24.12.2025 को आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को दिनांक 17.03.2026 को पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण रहेगा, जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। यह समारोह न केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों को मान्यता देगा, बल्कि उनमें खेल भावना, अनुशासन और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया जाएगा। सभी विद्यार्थी इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर विजेताओं का सम्मान किए गए और इसे सफल बनाने में अपना योगदान देंगे।




## NDLI Club एवं पुस्तकालय विभाग द्वारा Global Event : "AI for Humanity" का आयोजन का रिपोर्ट:-

दिनांक 27.03.2026 को NDLI Club एवं शासकीय महाविद्यालय खेरथा के पुस्तकालय विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ यासर कुरैशी के मार्गदर्शन से Global Event : "AI for Humanity" का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूट्यूब के माध्यम से हुआ जिसमें प्रतिभागी NDLI Club लॉगिन होकर कार्यक्रम में भाग लिए। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत भाषण से हुई, जिसमें AI के महत्व और समाज में इसके योगदान पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद विशेषज्ञों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और नैतिकता में AI के उपयोग पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि AI केवल तकनीकी विकास का साधन नहीं, बल्कि जीवन को बेहतर बनाने का एक उपकरण है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ। यह कार्यक्रम सफल और प्रेरणादायक रहा, जिसने प्रतिभागियों को AI के सही उपयोग के लिए जागरूक किया।




## अष्ट लक्ष्मी दर्शन योजना के रिपोर्ट:–

अष्ट लक्ष्मी दर्शन योजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के स्वयंसेवक देवेन्द्र कुमार का चयन होना अत्यंत गर्व की बात है। यह कार्यक्रम युवाओं को देश की विविध संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक मूल्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को पूर्वोत्तर भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, जीवन शैली और विकास गतिविधियों को समझने का अवसर प्राप्त होता है। देवेन्द्र कुमार एक समर्पित और सक्रिय (NSS) स्वयंसेवक हैं, जिन्होंने अपने सेवा कार्यों, अनुशासन और उत्साह के कारण इस राष्ट्रीय शिविर में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्हें देश के उच्च स्तर के मंच पर सम्मानित किया गया, जो उनके लिए तथा हमारे संस्थान (शासकीय महाविद्यालय खेरथा) के लिए गर्व का विषय है। इस प्रकार के राष्ट्रीय कार्यक्रम युवाओं के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। देवेन्द्र कुमार की यह उपलब्धि अन्य युवाओं को भी समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करती है। इस उपलब्धि पर सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

